प्रेस सूचना ब्यूरो का कम्प्यूटरीकरण

7845. **चौधरी हरमोहन सिंह :**

श्री आस मोहम्मद :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रेस सूचना ब्यूरो में कम्प्यूटर स्थापित किए हैं ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने कम्प्यूटर खरीदे गये और उनकी क्या लागत थी तथा 31 जनवरी, 1995 तक उनके रख-रखाव पर कितनी धनराशि खर्च की जा चुकी है ;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार/प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा इन कम्प्यूटरों का उचित रूप से प्रयोग नहीं किया गया; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस तरह की लापरवाही किए जाने के बारे में क्या कार्यवाही की गयी है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) जी, हां ।

(ख) 1992-93 से 1994-95 की अवधि के दौरान 21.38 लाख रुपए की कुल लागत पर 12 कम्प्यूटर खरीद लिए गए हैं जबकि 8.71 लाख रुपए की लागत पर 3 कम्प्यूटरों जिनके लिए 1994-95 के दौरान राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र को अग्रिम भुगतान कर दिया गया है, की अभी आपूर्ति की जानी है । 31 जनवरी, 1995 तक कम्प्यूटरों के रख रखाव पर 0.16 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

मलयालम भाषा की फिल्मों का प्रसारण

7846. **श्री संघ प्रिय गौतम :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1994-95 के दौरान राष्ट्रीय नेटवर्क पर मलयालम भाषा का कितनी फिल्मों का प्रसारण किया गया ;

(ख) निर्धारित मानदण्डों को पूरा करने के लिए और उसके पश्चात् उन्हें प्रसारण में प्राथमिकता देने की क्या औपचारिकताएं हैं ;

(ग) क्या दूरदर्शन पर प्रसारित की जाने वाली फिल्मों की पुनरीक्षा करने के लिए कोई समिति है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव): (क) और (ख) दूरदर्शन द्वारा प्रत्येक वर्ष के लिए कोई विशिष्ट संख्या निर्धारित नहीं की जाती है । दूरदर्शन द्वारा प्रत्येक रविवार को राष्ट्रीय नेटवर्क पर भाषावार वर्णमालानुसार क्षेत्रीय फिल्में प्रसारण की जाती हैं । संलग्न विवरण में दिए गए मानदण्ड में उल्लिखित पुरस्कारों को हाल ही में जीतने वाली फिल्मों को प्राथमिकता दी जाती है ।

(ग) तथा (घ) गैर सरकारी सदस्यों वाली जांच समिति द्वारा प्रसारण से पूर्व सभी फिल्मों का पूर्वावलोकन किया जाता है ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

फीचर फिल्में जो किसी निम्नलिखित मानदण्ड को पूरा करती हैं अथवा जिन्होंने निम्नलिखित राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार प्राप्त किए हैं, जैसी भी स्थिति हो, का दूरदर्शन के राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारण हेतु विचार किया जाता है

(1) वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अथवा श्रेष्ठ फीचर फिल्म (सभी भाषाओं में एक साथ) के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार ।

(2) निर्देशक को सर्वश्रेष्ठ प्रथम फिल्म के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार

(3) लोकप्रिय तथा स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ फिल्म हेतु पुलस्कार ।

(4) राष्ट्रीय एकता पर सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म हेतु नरगिस दत्त पुरस्कार ।

(5) परिवार कल्याण पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म ।

(6) अन्य समाजिक समस्याओं जैसे निषेध, महिला और बाल कल्याण, दहेज विरोधी, मादक द्रव्यों के सेवन आदि पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म ।

(7) भारतीय भाषा में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म हेतू राष्ट्रपति का "रजत कमल" पुरस्कार ।

(8) राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में "प्रशंसा प्रमाणपत्र" प्राप्त करने वाली फिल्में ।

(9) किसी भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह/फिल्मोत्सव के भारतीय पेनोरमा तथा मुख्य धारा खण्ड में प्रविष्टि।

(10) सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म हेतु राज्य सरकार पुरस्कार ।

(11) सर्वश्रेष्ठ निर्देशन हेतु राज्य सरकार पुरस्कार ।

(12) कोई दो राज्य सरकार पुरस्कार प्राप्त करने वाली फिल्में (उपरोक्त के अतिरिक्त) ।

(13) ऐसी फिल्में जिन्होंने रजत जयन्ती मनाई हो (25 सप्ताह तक लगातार प्रदर्शित होने वाली) तथा "यू" प्रमाणपत्र प्राप्त ।

(14) विदेश में आयोजित किसी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में पुरस्कार प्राप्त फिल्में ।

Cental Board of film certification

7847.SHRI IQBAl. SINGH: Will the Ministei of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what are the principles followed by the Central Board of Film Certification (CBFC);

(b) whether the objectives *of* the films are being achieved by the CBFC;

(c) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor;

(d) what are the functions of the Board; and

(e) what steps are being taken including necessary legislation to ensure that the increasing practice of using obscene posters to publicise films is curbed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P, SINGH DEO): (a) While examining films for certification, the Central Board of Film Certification (CBFC) is guided by the provisions of the Cinematograph Act, 1952 and the guidelines issued thereunder. A copy ot the guidelines is annexed as Statement-*(See* below) (b) and (c) Production of films in India is largely in the private sector and Government have no control as such thereon. The question